प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 29.12.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– हर मंडल मुख्यालय पर बनाये जायेंगे स्पोर्ट्स कॉलेज : गोरखपुर में विधायक खेल स्पर्धा के विजेताओं को किया पुरस्कृत।
2. सर्वोच्च न्यायालय ने उन्नाव दुष्कर्म मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश पर लगाई रोक : कोर्ट ने कहा– कुलदीप सेंगर को न किया जाये रिहा।
3. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने प्रदेश में लेखपाल के 7 हजार 994 पदों के लिये संशोधित विज्ञापन किया जारी : आज से 28 जनवरी तक किये जा सकेंगे ऑनलाइन आवेदन।

और

4. प्रदेशभर में भीषण ठंड से जनजीवन अस्त–व्यस्त : मौसम विभाग ने कल कोहरे और शीत दिवस का ऑरेंज अलर्ट किया जारी।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल मैदान, ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम और जिले स्तर पर बड़ा स्टेडियम बनवाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के साथ सरकार हर मंडल मुख्यालय पर स्पोर्ट्स कॉलेज बनायेगी। मुख्यमंत्री आज

गोरखपुर में विधायक खेल स्पर्धा – 2025 के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर को लगातार सुदृढ़ कर रही है। बाइट.....

*हर गांव में एक खेल का मैदान होना चाहिए। यह स्पोर्ट्स कॉलेज का कैंपस है। कितना भव्य स्टेडियम का निर्माण यहां पर भी हो रहा है। रीजनल स्पोर्ट्स स्टेडियम में भी पहली बार 63 करोड़ रूपये की लागत से स्टेडियम का निर्माण हम वहां पर करने जा रहे हैं और गोरखपुर में बेलीपार के पास एक इंटरनेशनल स्टेडियम का निर्माण करने जा रहे हैं जहां इंटरनेशनल स्पोर्ट्स की प्रतिस्पर्धा को आगे बढ़ा कर के गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश के नौजवानों को खेल और खेलकूद की प्रतियोगिता में आगे बढ़ने का एक अवसर प्राप्त हो सके।*

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि अगली बार विधायक खेल स्पर्धा के तहत स्कूलो बच्चों, छात्रों के साथ साथ वार्ड स्तर पर कामकाजी और सेवानिवृत्त लोगों के लिये भी खेलकूद की प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी।

———————

सर्वोच्च न्यायालय ने आज दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी जिसमें भाजपा से निष्कासित नेता कुलदीप सिंह सेंगर को 2017 के उन्नाव दुष्कर्म मामले में दी गई आजीवन कारावास की सजा निलंबित कर दी गई थी। न्यायालय ने यह सुनिश्चित किया कि वह जेल में ही रहगा। एक रिपोर्ट.....

*न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की अध्यक्षता वाली पीठ ने कुलदीप सिंह सेंगर को नोटिस जारी कर सीबीआई की उस याचिका पर जवाब मांगा है, जिसमें उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई है। सीबीआई की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने का आग्रह किया। पीठ ने कहा कि वह इस मामले की जांच करेगी क्योंकि यह मामला विचार करने योग्य है। पीठ ने कहा कि सेंगर को हिरासत से रिहा नहीं किया जाएगा। इस मामले में कानून के महत्वपूर्ण प्रश्न विचारणीय हैं और मामले की सुनवाई चार सप्ताह बाद के लिए स्थगित कर दी गई। समाचार कक्ष से निखिल कुमार।*

——————————

केन्द्रीय राज्य मंत्री और सांसद अनुप्रिया पटेल ने आज मिर्जापुर में अधिकारियों के साथ केन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में जहां कही भी कमी पाई जायेगी, उसे दूर करने का प्रयास किया जायेगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि जनपद के विकास को गति देने के लिये कार्य किया जा रहा है। बाइट.....

*भारत सरकार की विभिन्न योजनाएं यहां पर संचालित हैं। बहुत विस्तृत ढंग से सारी योजनाओं में क्या प्रगति जनपद में हुई और कहां–कहां कमियां हैं, उसको कैसे दुरुस्त किया जाए? ऐसे तमाम चर्चा आज इस बैठक में हुई है और जनपद के विकास को तेजी से गति दी जा रही है और जो भी कमियां नजर आई हैं, उन सारी समस्याओं को उठाया है और भारत सरकार की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो। ऐसी कोशिश दिशा की बैठक में की थी।*

——————————

उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधान भवन में अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन अगले साल 19 जनवरी को शुरू होगा। श्री महाना ने आज लखनऊ में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। बाइट....

*माननीय लोकसभा अध्यक्ष, ओम बिरला साहब करेंगे उद्घाटन अवसर सत्र पर मुख्यमंत्री जी उस मुख्य अतिथि के नाते से वह रहेंगे। वाइस पर्सन ऑफ राज्यसभा वह रहेंगे। लीडर ऑफ अपोजिशन रहते हैं, चेयरमैन रहते हैं, काउंसिल के और विधानसभा के स्पीकर रहते हैं और समापन में गवर्नर मैडम रहती हैं तो 20–21 तारीख को समापन होगा, 22 तारीख को अयोध्या जाएंगे।*

———————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

राजस्व परिषद से मिले नये प्रस्ताव के आधार पर अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने लेखपाल के सात हजार नौ सौ चौरानबे पदों के लिये संशोधित विज्ञापन जारी कर दिया है, जिसमें श्रेणीवार आरक्षण में बदलाव हुआ है।

ऑनलाइन आवेदन आज से शुरू होकर 28 जनवरी तक किये जा सकेंगे। इससे पहले आयोग ने गत 16 दिसम्बर को लेखपाल भर्ती का विज्ञापन जारी किया था, लेकिन आरक्षण को लेकर युवाओं और राजनीतिक दलों ने आपत्ति दर्ज करायी थी, जिसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर दोबारा आरक्षण प्रक्रिया तय की गयी। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के सचिव अवनीश सक्सेना ने बताया कि संशोधित श्रेणीवार आरक्षण आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

——————

वर्ष 2025 में उत्तर प्रदेश ने व्यापार में सुगमता– ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज की हैं। प्रशासनिक और डिजिटल सुधारों ने प्रदेश को निवेश के लिए भरोसेमंद राज्य के रूप में स्थापित किया है। एक रिपोर्ट.....

*प्रदेश सरकार ने 'मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस के सिद्धांत पर चलते हुए व्यापार और निवेश प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर विशेष जोर दिया। समग्र सुधारों, डिजिटल पहलों और निवेशक–अनुकूल नीतियों के चलते उत्तर प्रदेश ने ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस में तेज प्रगतिकी। डिजिटल सिस्टम, पारदर्शी प्रक्रियाएं और बड़े पैमाने पर सुधारों ने प्रदेश को देश के सबसे निवेशक–अनुकूल राज्यों में शामिल कर दिया है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत वर्ष उत्तर प्रदेश ने 12वें से दूसरे स्थान तक का सफर तय किया। इसके बाद 2024 में प्रदेश को 'टॉप अचीवर'की श्रेणी में स्थान मिला। सरकार निवेश मित्र के अगले संस्करण 'निवेश मित्र 3.0' की तैयारी कर रही है। समाचार कक्ष से दीपाली सिंह।*

—————————

अयोध्या में श्रीराम जन्भूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ को लेकर अनुष्ठानों का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में आज श्रीरामचरित मानस का पाठ किया गया। वहीं आज कर्नाटक से अयोध्या लाई गई सोने और हीरे से जड़े प्रभु श्रीराम की भव्य प्रतिमा की स्थापना यात्री सुविधा केंद्र में की गई।

—————————

सिद्धार्थनगर जिले के स्थापना दिवस के अवसर पर आज आयोजित कार्यक्रम में सांसद जगदम्बिका पाल और नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय शामिल हुए। सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि बस्ती जिले से अलग कर सिद्धार्थनगर की स्थापना से लोगों को सभी प्रकार की आधारभूत सुविधाएं मिल रही है। उन्होंने कहा कि सिद्धार्थनगर को आकांक्षी जिलों के रूप में चिन्हित करने से इसका चौमुखी विकास हो रहा है।

—————————

उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय और उत्तर प्रदेश हॉकी संघ के तत्वावधान में लखनऊ में जारी राज्य स्तरीय बालक हॉकी प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने आज शानदार प्रदर्शन किया। आज के मैचों में स्पोर्ट्स हॉस्टल झाँसी ने सैफई को 3–1 से हराया। वहीं स्पोर्ट्स हॉस्टल वाराणसी ने लखनऊ मण्डल को 2–0 से

पराजित किया। स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ ने बरेली मण्डल पर 3–0 से जीत दर्ज की। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ ने बस्ती मण्डल को 5–0 से पराजित किया।

———————

प्रदेश में ठंड और घने कोहरे का प्रकोप जारी है। कोहरे के कारण हवाई और रेल सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। अधिकांश ट्रेनें देरी से चल रही हैं और कई उड़ानें भी रद्द हुई हैं। मौसम विभाग ने कल पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में अत्यन्त घना कोहरा छाये रहने और शीत दिवस का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने एक जनवरी को पश्चिमी जिलों में कहीं–कहीं पर हल्की बारिश की संभावना भी जताई है। इस बीच ठंड और कोहरे से खेतों में लगी फसलें भी प्रभावित हो रही हैं। इटावा में कृषि विभाग के उप निदेशक आर.एन. सिंह ने फसलों को सुरक्षित रखने के उपाय बताये हैं। बाइट......

*वर्तमान में जो कोहरे की प्रवृत्ति बनी हुई है, इसके कारण वर्तमान में आलू की फसल को थोड़ा नुकसान हो सकता है। ऐसे में झुलसा का अटैक हो सकता है। ऐसे में हम किसानों को सलाह देंगे कि वह ढाई किलो ग्राम मेनकोजेब का प्रयोग 500 लीटर पानी में घोल बनाकर छिडकाव करें। इस दवा का प्रयोग किसान भाई कर दें तो उनकी फसल को नुकसान कम होगा।*

(समाप्त)